उच्च प्राथमिकता / समयबद्ध

पत्रांक-435 /के0च0प0

संचिका संख्या -08/के0च0प0 (परीक्षा शाखा) 01/2024

**अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति (शहीद स्मारक), पटना-800001

प्रेषक,

**अध्यक्ष,**
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),
बिहार

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार

पटना, दिनांक-**09/05/2024**

विषय :- **केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अन्तर्गत बिहार पुलिस में 'सिपाही' के रिक्त 21,391 पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 07.08.2024, 11.08.2024, 18.08.2024, 21.08.2024, 25.08.2024, 28.08.2024 एवं 31.08.2024 को एक पाली में आयोजित कराने एवं परीक्षा केन्द्र उपलब्ध कराने के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अन्तर्गत बिहार पुलिस में 'सिपाही' के रिक्त 21,391 पदों पर चयन/नियुक्ति के निमित्त उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा हेतु संबंधित जिलाधिकारी अपने जिला के परीक्षा संयोजक (Exam co-ordinator) मनोनीत किये जाते हैं।

(2) इस संबंध में लिखित परीक्षा राज्य के सभी जिलों में आयोजित कराये जाने की प्रस्तावित तिथि **07.08.2024, 11.08.2024, 18.08.2024, 21.08.2024, 25.08.2024, 28.08.2024 एवं 31.08.2024** को एक पाली प्रस्तावित है। आपके जिला अन्तर्गत आयोजित की जानेवाली लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की अनुमानित संख्या संलग्न सूची अनुलग्नक - **'क'** में दर्शायी गई है। इनकी लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जाना है।

परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, कदाचार रहित वातावरण में लिखित परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का सबसे पहला एवं महत्वपूर्ण चरण है। सभी परीक्षा केन्द्र यथा संभव जिला मुख्यालय के नगरीय क्षेत्रों में ही बनाए जाएँ। परीक्षा केन्द्रों के रूप में राजकीय विद्यालयों के साथ-साथ गैर-सरकारी/ निजी विद्यालयों/ महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों को भी रखा जा सकता है। **वैसे विद्यालय / महाविद्यालय जो पूर्व में परीक्षा केन्द्र के रूप में विवादास्पद रहे हैं उन्हें परीक्षा केन्द्रों के रूप में चयनित नहीं किया जाय।** परीक्षा केन्द्र के रूप में जिन विद्यालय/ महाविद्यालयों का चयन किया जा रहा है उनके बारे में आश्वस्त हो लिया जाय कि वहाँ कदाचार रहित परीक्षा पूर्णतः सुरक्षित वातावरण में ली जा सकती है तथा परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये पर्याप्त आधारभूत संरचना उपलब्ध है। **यदि अच्छे महाविद्यालय उपलब्ध हैं, जहाँ कदाचार मुक्त वातावरण में अच्छी तरह परीक्षा ली जा सकती है, तो अन्य विद्यालयों की अपेक्षा उन्हें प्राथमिकता दी जाये।**

(3) कृपया प्रत्येक प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र के लिए योग्य केन्द्राधीक्षक की नियुक्ति भी कर दी जाय। केन्द्राधीक्षक/ वीक्षक की नियुक्ति के पूर्व यह सुनिश्चित हो लेना आवश्यक है कि **केन्द्राधीक्षक/ वीक्षक का कोई वार्ड/संबंधी उन्हीं के परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी न हो,** साथ ही वे योग्य एवं स्वच्छ छवि के हों तथा उनके विरूद्ध परीक्षा संबंधी अथवा अन्य किसी तरह के कदाचार का मामला लंबित न हो। प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक का नाम, पदनाम, पता, बैंक का नाम एवं एकाउन्ट नम्बर, बैंक

का IFSC Code, मोबाइल/दूरभाष संख्या स्पष्ट रूप से अंकित की जाय। पर्षद परीक्षा केन्द्रों को खर्च के लिए राशि CFMS के माध्यम से प्रत्येक जिला पदाधिकारी के Pay ID पर भेजेगी। जिला पदाधिकारी प्रत्येक केन्द्राधीक्षकों को उनके द्वारा उपलब्ध कराए गये बैंक खाता में ससमय अवांटित राशि हस्तान्तरित करना कृपया सुनिश्चित करेंगे।

(4) चयनित परीक्षा केन्द्रों के नाम सहित उपलब्ध कमरों की संख्या जिनमें कम-से-कम 24 अभ्यर्थियों के बैठने की क्षमता हो तथा उनमें सुविधानुसार बैठने लायक परीक्षार्थियों की कुल अनुमानित संख्या के दृष्टिगत एवं अन्य सूचनाएँ निम्नांकित विहित प्रपत्र में कृपया भेजी जाएँ :-

**परीक्षा केन्द्र एवं केन्द्राधीक्षकों को मानदेय की राशि हेतु प्रपत्र**

| Sl. No | Name & Address of Centre (School/College) | Total Seating Capacity | Name and Details of Centre Supdt. | Telephone/ Mobile No. of C.S. | Acctt. Number | Bank Name | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |

(5) विदित हो कि लिखित परीक्षा संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन के स्तर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिये जाने वाले मानदेय की राशि पर्षद द्वारा प्रत्येक जिला पदाधिकारी के Pay ID पर भेजी जाएगी।

(6) परीक्षा केन्द्रों की सूचना प्राप्त होने के उपरान्त ही प्रवेश-पत्रों के मुद्रण की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकेगी, तदनुसार इसके बाद की अन्य कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। फलतः परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 07.08.2024, 11.08.2024, 18.08.2024, 21.08.2024, 25.08.2024, 28.08.2024 एवं 31.08.2024 को एक पाली को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के संबंध में उपर्युक्त सूचनाएँ **दिनांक 20.05.2024** तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को **E-mail-** csbc.bih.2022@gmail.com पर भेजने की कृपा की जाए ताकि निर्धारित तिथि को लिखित परीक्षा सम्पन्न कराई जा सके।

परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 07.08.2024, 11.08.2024, 18.08.2024, 21.08.2024, 25.08.2024, 28.08.2024 एवं 31.08.2024 को एक पाली को आरक्षित करते हुये अपने स्तर से सर्वसंबंधित को सूचित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
Jitendra 09.05.24
**अध्यक्ष,**
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),
बिहार

**प्रतिलिपि :-**

1. **अपर मुख्य सचिव**, गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना को कृपया सादर सूचनार्थ।
2. **पुलिस महानिदेशक**, बिहार, पटना को कृपया सादर सूचनार्थ।
3. **सभी प्रमंडलीय आयुक्त**, बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
4. **सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप-महानिरीक्षक, बिहार** को सू0 एवं आवश्यक क्रियार्थ।
5. **सभी वरीय पुलिस अधीक्षक /पुलिस अधीक्षक, बिहार** सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
6. **सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी**, बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।

Jitendra 09.05.24
**अध्यक्ष,**
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)
बिहार

(अनुलग्नक–क)

**Proposed Seating Capacity of Candidates and date of Examination - 07.08.2024, 11.08.2024, 18.08.2024, 21.08.2024, 25.08.2024, 28.08.2024 & 31.08.2024 of Advt. No. 01/2023 for the Post of Constable in Bihar Police.**

| क्र0सं0 | जिला का नाम | पालीवार वांछित सीट |
|---|---|---|
| 1 | पटना | 35,000 |
| 2 | नालन्दा | 20,000 |
| 3 | गया | 25,000 |
| 4 | जहानाबाद | 7,000 |
| 5 | अरवल | 5,000 |
| 6 | औरंगाबाद | 12,000 |
| 7 | नवादा | 10,000 |
| 8 | भोजपुर | 25,500 |
| 9 | बक्सर | 18,000 |
| 10 | रोहतास | 20,000 |
| 11 | कैमूर (भभुआ) | 15,000 |
| 12 | मुजफ्फरपुर | 15,000 |
| 13 | वैशाली | 12,000 |
| 14 | सीतामढ़ी | 5,000 |
| 15 | शिवहर | 5,000 |
| 16 | मोतिहारी | 15,000 |
| 17 | बेतिया | 15,000 |
| 18 | सिवान | 15,000 |
| 19 | सारण (छपरा) | 25,000 |
| 20 | गोपालगंज | 7,000 |
| 21 | दरभंगा | 20,000 |
| 22 | मधुबनी | 10,500 |
| 23 | समस्तीपुर | 12,000 |
| 24 | सहरसा | 8,000 |
| 25 | मधेपुरा | 8,000 |
| 26 | सुपौल | 8,000 |
| 27 | पुर्णियाँ | 8,500 |
| 28 | अररिया | 8,000 |
| 29 | किशनगंज | 5,000 |
| 30 | कटिहार | 10,000 |
| 31 | भागलपुर | 25,000 |
| 32 | बांका | 10,000 |
| 33 | मुंगेर | 10,000 |
| 34 | शेखपुरा | 5,000 |
| 35 | लखीसराय | 6,000 |
| 36 | जमुई | 7,000 |
| 37 | खगड़िया | 8,000 |
| 38 | बेगूसराय | 10,500 |
| | योग : | 4,86,000 |